| |
|---|
| दिनांक 26.06.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 348/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद बागपत/थाना दोघट

- **25–25 हजार रूपये के 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 25.06.2026 को थाना दोघट पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित 02 अभियुक्तों 1–अक्षय 2–राहुल को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना दोघट पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25–25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना दोघट पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अक्षय निवासी ग्राम बिराल थाना बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर।

2–राहुल निवासी ग्राम बिराल थाना बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर।

## जनपद हापुड़/थाना पिलखुवा

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **चोरी के 01 लाख रूपये नगद**
- **घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 26.06.2026 को थाना पिलखुवा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर एचपीडीए मैन रोड से 04 अभियुक्तों 1–बिक्की उर्फ ब्रैट ली 2–गौरव 3–मनीष 4–अमित को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 01 लाख रूपये नगद, घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना पिलखुवा क्षेत्रान्तर्गत चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्तों बरामद रूपये उक्त चोरी की घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–बिक्की उर्फ ब्रैट ली निवासी ग्राम मुकीमपुर थाना भोजपुर जनपद गाजियाबाद।

2–गौरव निवासी ग्राम मुकीमपुर थाना भोजपुर जनपद गाजियाबाद।

3–मनीष निवासी ग्राम मुकीमपुर थाना भोजपुर जनपद गाजियाबाद।

4–अमित निवासी ग्राम डूहरी थाना पिलखुवा जनपद हापुड़।

**बरामदगी**

1–चोरी के 01 लाख रूपये नगद।

2–घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल।

3–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि।

## जनपद अमरोहा/थाना रजबपुर

- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 10 मोटर साइकिल**
- **02 मोबाइल फोन**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 25/26.06.2026 की रात्रि थाना रजबपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र में बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–असद उर्फ सुई घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–ताहिर 3–युसुफ सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 10 मोटर साइकिल, 02 मोबाइल फोन, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त असद उर्फ सुई के विरूद्ध जनपद मुरादाबाद, सम्भल, अमरोहा व कमिश्नरेट गाजियाबाद के विभिन्न थानों पर वाहन चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट आदि के 13 अभियोग, अभियुक्त युसुफ के विरूद्ध जनपद सम्भल, रामपुर, अमरोहा के विभिन्न थानों पर लूट, चोरी, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 19 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना रजबपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–असद उर्फ सुई निवासी अकबरपुर गहरा, थाना असमौली जनपद सम्भल।

2–ताहिर निवासी ग्राम जनेठा थाना बनियाठेर जनपद सम्भल।

3–युसुफ निवासी ग्राम मवई डोल थाना असमौली जनपद सम्भल।

**बरामदगी**

1–चोरी की 10 मोटर साइकिल।

2–02 मोबाइल फोन।

3–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद जौनपुर/थाना केराकत

- **पुलिस कार्यवाही में 03 अवैध शस्त्र तस्कर गिरफ्तार**
- **10 अवैध तमंचा 315 बोर**
- **03 अवैध पिस्टल .32 बोर**
- **02 जीवित, 01 मिस, 02 खोखा कारतूस**
- **03 मोबाइल फोन**
- **02 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 26.06.2026 को थाना केराकत, थाना गौराबादशाहपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मल्लूपुर नहर पुलिया के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में

अभियुक्त 1–शैलेश घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–पीयूष 3–करन सहित गिरफ्तार किया गया। एक बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 10 अवैध तमंचा 315 बोर, 03 अवैध पिस्टल .32 बोर, 02 जीवित, 01 मिस, 02 खोखा कारतूस, 03 मोबाइल फोन, 02 मोटर साइकिल बरामद हुयी। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शैलेश के विरूद्ध जनपद जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़ के विभिन्न थानों पर लूट, चोरी, हत्या का प्रयास, गुण्डा एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 16 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना केराकत पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शैलेश निवासी ग्राम पतौरा थाना केराकत जनपद जौनपुर।

2–पीयूष निवासी सरोज बड़ेवर थाना केराकत जनपद जौनपुर।

3–करन निवासी ग्राम लेबरूआ थाना चन्दवक जनपद जौनपुर।

**बरामदगी**

1–10 अवैध तमंचा 315 बोर।

2–03 अवैध पिस्टल .32 बोर।

3–02 जीवित, 01 मिस, 02 खोखा कारतूस।

4–03 मोबाइल फोन।

5–02 मोटर साइकिल।

## जनपद श्रावस्ती/थाना मल्हीपुर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 01 लाख 18 हजार रूपये कीमत के 02 किलो 365 ग्राम अवैध गांजा**
- **अवैध मदाक पदार्थ बिक्री के 19 लाख 82 हजार 645 रूपये नगद**
- **नेपाली पासपोर्ट व 320 नेपाली रूपया आदि बरामद**

दिनांक 25.06.2026 को थाना मल्हीपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम जमुनहा, भवनियापुर के पास से 02 अभियुक्तों

1–शिवप्रसाद 2–अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 01 लाख 18 हजार रूपये कीमत के 02 किलो 365 ग्राम अवैध गांजा, अवैध मदाक पदार्थ बिक्री के 19 लाख 82 हजार 645 रूपये नगद, नेपाली पासपोर्ट व 320 नेपाली रूपया आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना मल्हीपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शिवप्रसाद निवासी ग्राम जमुनहा, भवनियापुर थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती।

2–अभियुक्ता।

**बरामदगी**

1–लगभग 01 लाख 18 हजार रूपये कीमत के 02 किलो 365 ग्राम अवैध गांजा।

2–अवैध मदाक पदार्थ बिक्री के 19 लाख 82 हजार 645 रूपये नगद।

3– नेपाली पासपोर्ट व 320 नेपाली रूपया आदि।

——————